अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

क्रमांक/परीक्षा/2024/210 रीवा, दिनांक 07/3/24

संशोधित अधिसूचना

विश्वविद्यालय के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित/भूतपूर्व/स्वाध्यायी/एटीकेटी NEP स्नातक प्रथम वर्ष वार्षिक पद्धति परीक्षा 2022–23 के आवेदन वेबपोर्टल **www.apsu.mponline.gov.in** के माध्यम से ऑनलाइन भरने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है।

सत्र	पाठ्यक्रम का नाम	वर्ष	पाठ्यक्रम का प्रकार	आवेदन तिथि व शुल्क
NEP वार्षिक पद्धति परीक्षा 2022–23	स्नातक प्रथम वर्ष– BA, BSC, B.COM. BBA, BCA, BHSC, B.LIB	**(1) प्रथम वर्ष 2022 द्वितीय अवसर पूरक/**	1. स्नातक प्रथम वर्ष **NEW 2022** नियमित/स्वाध्यायी	1. दिनांक 10.03.2024 से 19.03. 2024 तक सामान्य शुल्क सहित। 2. दिनांक 20.03.2024 से परीक्षा संचालित के 01 दिवस पूर्व तक विशेष विलम्ब शुल्क 1000/–
		(2) प्रथम वर्ष 2023 प्रथम अवसर पूरक	2. प्रमोटेड छात्रों के लिए (एक विषय/अधिकतम चार विषय तक) **2023**	
		(3) द्वितीय वर्ष पूरक 2023 प्रथम अवसर	**2023**	

विशेष नोट– जो छात्र–छात्रायें न्यूनतम एक विषय/अधिकतम चार विषय में प्रमोटेड है वे छात्र–छात्रायें प्रमोटेड के रूप में फार्म भर सकते हैं।

निर्देश–

1. प्राचार्य/अग्रेषणकर्ता अधिकारी अग्रेषित समस्त आवेदनों की सत्यापित प्रति परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा कराए, उक्त के अभाव में प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जावेगा।
2. अग्रेषणकर्ता अधिकारी कृपया परीक्षार्थी द्वारा आवेदन के साथ जमा किये आवश्यक संलग्न अभिलेखों का भलीभांति परीक्षण कर लें। परीक्षा आवेदन पत्र पूर्ण रूपेण भरे होने, परीक्षा शुल्क जमा होने, विषय/प्रश्नपत्र सही होने एवं पात्रता सुनिश्चित होने पर ही आवेदन अग्रेषित करें। पात्रता न होने पर परीक्षा, आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अग्रेषणकर्ता अधिकारी का होगा।
3. अग्रेषणकर्ता अधिकारी कृपया प्रवेश विनियमन का पालन करें प्रवेश पोर्टल की प्रवेश सूची एवं विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त कक्षा/विषयों के अनुसार ही परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करें।

विशेष नोट–

1. **वर्ष 2022 के जो छात्र–छात्रायें प्रथम अवसर में ए0टी0के0टी0 का फार्म नहीं भर पाये थे ऐसे छात्रों का भी फार्म अंतिम अवसर के साथ मान्य किया जावेगा।**
2. **जो छात्र–छात्रायें एन.ई.पी. प्रथम वर्ष में द्वितीय अवसर के उपरांत भी उत्तीर्ण नहीं होते तो उन छात्रों के द्वितीय वर्ष की परीक्षा निरस्त मानी जावेगी।**
3. **पूरक परीक्षायें 22.03.2024 प्रारम्भ होगी।**

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म0प्र0)

रीवा, दिनांक 14/02/2024

क्रमांक/परीक्षा/2024/137

प्रति,

प्राचार्य एवं संचालक
समस्त महाविद्यालय सम्बद्ध अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा।

विषय— स्नातक प्रथम वर्ष एन0ई0पी 2023 का घोषित परीक्षा परिणाम में छात्रों द्वारा प्राप्त शिकायत के सम्बंध में।

विषयांकित के सम्बंध में लेख है कि छात्रों द्वारा परीक्षा परिणाम प्रमुखतः आधार पाठ्यक्रम के दोनों प्रश्न—पत्रों के सम्बंध में प्राप्त आवेदन एवं ज्ञापन के निराकरण हेतु प्रकरण विश्वविद्यालय के स्थाई समिति में प्रस्तुत करने के पश्चात लिया गया निर्णय का मूलतः नियमानुसार लेख है—

निर्णय—

प्रकरण पर परीक्षा नियंत्रक से वस्तु स्थिति पटल पर रखे जाने का आग्रह किया गया। उनके द्वारा प्रदत्त सूचना के आधार पर आधार पाठ्यक्रम के दोनों प्रश्न—पत्रों में लगभग 8000 छात्रों का परीक्षा परिणाम प्रमोटेड है। जिसका प्रमुख कारण छात्रों के द्वारा पहली बार ओ0एम0आर0 शीट का प्रयोग करना तथा उनका कम्प्यूटर से मूल्यांकन के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। ऐसी स्थिति में एटीकेटी परीक्षा व्यापक छात्र हित को दृष्टिगत रखते हुए समिति इस निष्कर्ष में पहुंची है कि उक्त आधार पाठ्यक्रम के दोनों प्रश्न प्रत्रों प्रथम प्रश्न पत्र (हिन्दी एवं अंग्रेजी) तथा द्वितीय प्रश्न पत्र (पर्यावरण एवं योगा मेडीटेशन) विषय की एटीकेटी परीक्षाएं पूर्वानुसार ओ0एम0आर शीट से ही करा ली जाये किन्तु जल्द परिणाम हेतु इनके मूल्यांकन कम्प्यूटर से न कराया जाकर परीक्षकों के माध्यम से कराया जाय। साथ ही अभिभावकों एवं छात्रों की वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुये रियायत के रूप में कुल शुल्क रूपये 1500/— का 2/3 भाग अर्थात् रूपये 1000/— प्रदान करते हुये मात्र 1/3 अर्थात् 500/— में इन दोनों प्रश्न पत्रों के रूप में लिये जाने की अनुसंशा की जाती है। यह अनुसंशा केवल उक्त दोनों प्रश्न पत्रों के लिये केवल एक बार के लिये की जाती है। बाद की किसी परीक्षा के लिये इसे दृष्टांत नहीं माना जाय यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि यह रियायती शुल्क आधार पाठ्यक्रम के मात्र उक्त दोनों प्रश्न पत्रों की सत्र 2023 के स्नातक एन.ई.पी. प्रथम वर्ष के एटीकेटी परीक्षा प्रथम अवसर के लिये मान्य होगा किसी अन्य परीक्षा के लिये नहीं।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि—

1. माननीय कुलपति जी के सचिव/कुलसचिव जी के निज सहायक।
2. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय।
3. परीक्षा नियंत्रक, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय जिला रीवा।
4. सहायक कुलसचिव, गोपनीय एवं परीक्षा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय जिला रीवा।

सहायक कुलसचिव गोपनीय